# बुला लो मुझको खाटू में मुझे तेरी याद आती है लिरिक्स

बुला लो मुझको खाटू में,
मुझे तेरी याद आती है,
ये अखियां दर्शन की प्यासी,
तेरा दीदार चाहती है,
बुला लो मुझको खाटु में,
मुझे तेरी याद आती है।bd।

तर्ज – पकड़ लो हाथ बनवारी।

---

ये दुनिया तो है मतलब की,
यहाँ पर कोई नही मेरा,
ये दुनिया तो है मतलब की,
सहारा एक तू ही मेरा,
मैं ठुकराया ज़माने का,
तुझे क्यू दया ना आती है,
बुला लो मुझको खाटु में,
मुझे तेरी याद आती है।bd।

---

तेरी ही किरपा से बाबा,
मेरा परिवार पलता है,
तेरी ही किरपा से मोहन,
मेरा घरबार चलता है,
घड़ी हो सुख की या दुख की,
तेरी ही तो याद आती है,
बुला लो मुझको खाटु में,
मुझे तेरी याद आती है।bd।

---

हमारे नीरस जीवन में,
प्यारे तुम ही रस भरते हो,
'हेमंत' के नीरस जीवन में,
श्याम तुम खुशिया भरते हो,
तुम्ही तो रहते संग मेरे,
जब अपने छोड़ जाते है,
बुला लो मुझको खाटु में,
मुझे तेरी याद आती है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बुला लो मुझको खाटू में,
मुझे तेरी याद आती है,
ये अखियां दर्शन की प्यासी,
तेरा दीदार चाहती है,
बुला लो मुझको खाटू में,
मुझे तेरी याद आती है।bd।

**Singer & Lyrics – Hemant Aggarwal**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com